सं०सं०–16 / एम.1–62 / 2025 –

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र राम,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग, बिहार, पटना–800015

पटना, दिनांक–

विषयः– **मधेपुरा जिला में कार्यरत नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (यूनानी) के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध में।**

प्रसंगः– **वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/ 0640/2088(25) dated 27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 09/2020 के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–306(आ०चि०) दिनांक–14 03 2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) को पूर्णतः औपबधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनो का चिकित्सीय प्रशिक्षण/जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नही मिलने के कारण आदर्श आचार सहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0–745(आ०चि०), दिनांक–19.07.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (यूनानी) को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल/सदर अस्पताल/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो/जिला संयुक्त औषधालयों/राजकीय औषधालयो/आयुष कॉलेज अस्पतालों में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी आयुष फिजिशियन (यूनानी) योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी आयुष फिजिशियन (यूनानी) सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नही है।

विभागीय पत्रांक–1397(आ0चि0) दिनांक 20.12 2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों/फिजिशियनों के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि को कतिपय शर्तो के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (यूनानी) द्वारा (दिनांक–20.07 2024 तक प्रभार ग्रहण किया गया

है) विनियमन की शर्ते पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत हैः—

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	वर्तमान पदस्थापन स्थल	**अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।**	**अवकाश उपभोग की सूचना**	**यदि वेतन पुर्जा निर्गत हुआ हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या/निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/GPF संख्या**	**उपस्थिति विवरणी**	**सेवा विनियमन के प्रकार**
1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० सितारा [illegible], आयुष फिजिशियन (यूनानी)	सदर अस्पताल, मधेपुरा	दिनाक—15 03 2024 से 19 07 2024 तक 127 दिन	—	14112425055706	—	पदस्थापन की प्रतिक्षा अवधि

उक्त अवधि मे उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/—
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक—16/एम.1—62/2025 — 679 — (आ0चि0)/पटना, दिनांक— 29.4.2026

प्रतिलिपि—महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः—सिविल सर्जन, मधेपुरा/कोषागार पदाधिकारी, मधेपुरा/सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा/अधीक्षक/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, मधेपुरा/संबंधित सभी आयुष फिजिशियन (यूनानी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि— आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/2026

सरकार के अवर सचिव

F \Madhepura\Update Letter docx